आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1845 सोमवार 17.11.2025

मुख्य समाचारः—

1— देशभर में कल नशामुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे—छत्तीसगढ़ में ढाई लाख से अधिक लोगों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई जाएगी।

2— मुख्यमंत्री ने आज जगदलपुर में पंडुम कैफे का किया शुभारंभ—इस कैफे में नक्सली हिंसा से पीड़ित लोगों के साथ ही आत्मसमर्पित माओवादी काम करते हैं।

3— छत्तीसगढ़ विधानसभा का एकदिवसीय सत्र कल अट्ठारह नवंबर को आयोजित किया जाएगा।

4— देहरादून में हुई अखिल भारतीय वन खेल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ ने पदक सूची में पहला स्थान हासिल किया।

नशामुक्त भारत अभियान

देशभर में कल अट्ठारह नवम्बर को नशामुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ पर राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य कार्यक्रम पंजाब के अमृतसर में होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश वर्चुअल माध्यम से पूरे देश में प्रसारित किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ में भी सभी जिलों, विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, स्कूलों और विभागीय संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर प्रदेश के लगभग उनतीस हजार स्वयं सहायता समूहों और आशा समूहों के माध्यम से ढाई लाख से अधिक लोगों को नशामुक्ति शपथ की दिलाई जाएगी।

प्रधानमंत्री—प्रशंसा

गुजरात के डेडियापाड़ा में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस के राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने उद्बोधन के दौरान छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व की विशेष रूप से प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में जनजातीय समाज की बढ़ती भागीदारी और नेतृत्व भारत के विकास की नई पहचान बन रहा है, और इस दिशा में छत्तीसगढ़ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति के लिए लोकतांत्रिक भागीदारी अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में जनजातीय समाज से आने वाले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य में व्यापक विकास हो रहे हैं और सभी क्षेत्रों में निर्णायक प्रगति दिखाई दे रही है।

'पंडुम कैफे"

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज जगदलपुर में पूना मार्गेम परिसर में 'पंडुम कैफे" का उद्घाटन किया। इस कैफे की खासियत यह है कि इसके माध्यम से नक्सली हिंसा के पीड़ित लोगों के साथ ही आत्मसमर्पण कर चुके माओवादियों को आजीविका प्रदान की गई है। यह कैफे जगदलपुर के पुलिस लाईन परिसर में स्थित है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कैफे बस्तर क्षेत्र में नक्सलवाद के उन्मूलन की दिशा में हो रहे सकारात्मक परिवर्तन का एक प्रेरक प्रतीक है।

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया कि पंडुम कैफ़े में काम करने वाले युवाओं को जिला प्रशासन और पुलिस के सहयोग से आतिथ्य सेवाओं, कैफे प्रबंधन, ग्राहक सेवा, स्वच्छता मानकों, खाद्य सुरक्षा और उद्यमिता कौशल का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

विधानसभा सत्र

छत्तीसगढ़ विधानसभा का एकदिवसीय सत्र कल अट्ठारह नवंबर को आयोजित किया जाएगा। इस सत्र में छत्तीसगढ़ विधानसभा के पच्चीस वर्षों की संसदीय यात्रा पर केंद्रित विषयों पर चर्चा की जाएगी।

हड़ताली कर्मचारी–कार्यवाही

राज्य सरकार ने सहकारी समिति के हड़ताली कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। बलौदाबाजार–भाटापारा जिले के प्रभारी प्रबंधक साहित तेरह कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया है। साथ ही तीन कर्मचारियों के विरुद्ध एफआईआर प्रस्तावित है। धान खरीदी कार्य से इंकार करने वाले कर्मचारियों पर अति आवश्यक सेवा अनुरक्षण क़ानून–एस्मा के तहत कार्यवाही की जा रही है।

प्रदेश में अवैध परिवहन कर आने वाले धान पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है। पिछले एक नवंबर से सोलह नवंबर तक लगभग उन्नीस हजार क्विंटल धान जब्त किया गया है।

नगरीय प्रशासन प्रस्ताव

प्रदेश में इन दिनों नई सड़कों के निर्माण के साथ ही विभिन्न सड़कों की मरम्मत और नवीनीकरण का काम जोरशोर से जारी है। उपमुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने बताया कि राज्य में बारिश के बाद सड़कों का निर्माण कार्य तेज गति से प्रारंभ हो गया है।

इस बीच, नगरीय प्रशासन विभाग ने बरसात के दौरान शहरों में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए पहल करते हुए सभी नगरीय निकायों से प्रस्ताव मंगाए हैं। नगरीय प्रशासन विभाग के संचालक आर. एक्का ने राज्य के सभी नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को परिपत्र जारी कर एक सप्ताह में इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर भेजने के निर्देश दिए हैं।

सहायक प्राध्यापक–भर्ती

राज्य सरकार ने एक सौ पच्चीस सहायक प्राध्यापक पदों पर सीधी भर्ती की घोषणा की है। राज्य के दस शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के पैंतीस विभागों में एक सौ पच्चीस सहायक प्राध्यापक के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के द्वारा विज्ञापन जारी किया गया है। इच्छुक व्यक्ति इसके लिए ऑनलाइन आवेदन पच्चीस नवंबर से चौबीस दिसंबर तक छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के द्वारा उपलब्ध लिंक के माध्यम से कर सकते हैं।

मरीन फॉसिल पार्क–सम्मान

मनेन्द्रगढ़ स्थित गोंडवाना मरीन फॉसिल पार्क को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली है। इसके लिए दिल्ली में वनमंडलाधिकारी मनीष कश्यप को 'नेक्सस ऑफ गुड फाउंडेंशन अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें एशिया के सबसे बड़े और उनतीस करोड़ वर्ष पुराने गोंडवाना मरीन फॉसिल पार्क को विकसित करने के लिए प्रदान किया गया।

गौरतलब है कि मनेंद्रगढ़ का गोंडवाना मरीन फॉसिल पार्क एशिया का सबसे बड़ा मरीन फॉसिल साइट है। भारत में ऐसे केवल पांच स्थान हैं, जहां मरीन फॉसिल पाए जाते हैं। इसकी

खोज वर्ष उन्नीस सौ चौव्वन में हुई थी। यहां प्राकृतिक रूप से मौजूद विशाल ग्रेनाइट चट्टानों पर पुरातन जीवों और डायनासोर प्रजाति सहित पैंतीस जीवों की मूर्तियां उकेरी गई हैं।

हाईकोर्ट–सुनवाई

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने रायपुर के अंबेडकर अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्था पर राज्य शासन से जवाब मांगा है। मीडिया में प्रकाशित रिपोर्ट को स्वतः संज्ञान में लेते हुए मुख्य न्यायाधीश ने जनहित याचिका के रूप में इसकी सुनवाई प्रारंभ की है।

वहीं, बलौदाबाजार जिले के बारनवापारा वन क्षेत्र में खेत में बने गहरे कुएं में हाथियों के गिरने की घटना पर भी उच्च न्यायालय ने संज्ञान लेते हुए वन विभाग के सचिव को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि बीते सप्ताह बलौदाबाजार जिले में बारनवापारा वन क्षेत्र के ग्राम हरदी में किसान के खेत में बने गहरे कुएं में चार हाथी गिर गए थे, जिन्हें बाद में सुरक्षित निकाल लिया गया था।

भारतीय वन खेल प्रतियोगिता

देहरादून में बारह से सत्रह नवम्बर तक हुई अट्ठाईसवीं अखिल भारतीय वन खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ ने पदक सूची में पहला स्थान हासिल किया है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ ने एक सौ पचास मेडल और पांच सौ अठहत्तर अंक हासिल किए हैं। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ ने चौहत्तर स्वर्ण, चौंतीस रजत और बयालीस कांस्य पदक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह तथा उत्तराखंड के वन मंत्री सुबोध उनियाल ने छत्तीसगढ़ को ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी प्रदान की। छत्तीसगढ़ की ओर से यह ट्रॉफी शालिनी रैना ने ग्रहण की।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वन मंत्री केदार कश्यप ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ियों और टीमों को बधाई दी हैं।

खैरागढ़–महोत्सव

खैरागढ़–छुईखदान–गंडई जिले में स्थित इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में उन्नीस से इक्कीस नवंबर तक तीन दिवसीय खैरागढ़ महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव का उद्घाटन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह करेंगे।

पहले दिन अंतर्राष्ट्रीय संगीत प्रस्तुति, तबला वादन, उपशास्त्रीय गायन और छत्तीसगढ़ी लोकगीतों की रंगारंग प्रस्तुति होगी।

यूनिटी मार्च

लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की एक सौ पचासवीं जयंती के अवसर पर राज्य के विभिन्न स्थानों में यूनिटी मार्च का आयोजन किया जा रहा है। आज सूरजपुर में हुई यूनिटी मार्च में महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े शामिल हुई।

संक्षिप्त समाचार

– उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कल बालोद और डौंडीलोहारा में अटल परिसरों का लोकार्पण किया।

– उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले में अत्याधुनिक और पूर्णतः डिजिटल सुविधाओं से युक्त नालन्दा लाइब्रेरी का भूमिपूजन किया। साथ ही उन्होंने जिले के बैगा बाहुल्य ग्राम रेंगाखार में जलाशय शीर्ष और सीसी नहर लाइनिंग कार्य का भी भूमिपूजन किया।

– कोरबा जिले के पंतोरा के पास भारतमाला सड़क निर्माण के कार्य में लगे मजदूरों से भरी पिकअप पलटने से एक मजदूर की मौत हो गई।

– कोरबा जिले के करतला रेंज के जोगीपाली में लकड़ी तस्करों द्वारा तीन वनकर्मियों के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>